प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

कार्यालय आदेश

दैनिक समाचार–पत्र में छपे खबर ‘‘एक महिला मरीज की स्थिति गंभीर होने पर संबंधित नर्स द्वारा कॉल लिखे जाने तथा नर्स एवं स्वास्थ्य प्रबंधक के बुलाने के बावजूद भी इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा वार्ड में नही जाने एवं स्थिति बिगड़ने पर महिला मरीज को इमरजेंसी ले जाने पर इलाज के दौरान मौत’’ की खबर पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त बिन्दु पर न्यायोचित कार्रवाई हेतु एक कमिटी का गठन किया जाता है, जिसमें निम्न पदाधिकारियों को नामित किया जाता है, जिसकी बैठक दिनांक – 05.07.18 को 12:30 बजे अप0 में प्राचार्य प्रकोष्ट में आहुत की जाती है:–

1) प्राचार्य – अध्यक्ष
2) अधीक्षक – सदस्य
3) विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग – सदस्य

उक्त बैठक में उपरोक्त सभी पदाधिकारी ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि यथोचित कार्रवाई करते हुए दोषी पाये जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचित किया जा सके ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांक:– 1563/18 दिनांक:–04/7/18

प्रतिलिपि:–

1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2) उपरोक्त कमिटी में नामित सभी पदाधिकारी, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
3) प्रभारी प्रा0 (प्र0)/पुस्तकालय सचिव/Estate Officer/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

4/7/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर